राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(अस्थाई कार्यालय : महिला छात्रावास भवन, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर)

Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321

Website : www.rrbmuniv.ac.in

क्रमांक : राऋभमवि/अल/परीक्षा/2024/1205 दिनांक : 08/02/2024

प्राचार्य
समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालय,
अलवर।

विषय :- स्नातक प्रथम सेमेस्टर नियमित परीक्षार्थियों के आन्तरिक मूल्यांकन अंक अपलोड करने के सम्बन्ध में।

संदर्भ :- विश्वविद्यालय समसंख्यक पत्रांक 854 दिनांक 21.11.2023

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रानुसार सूचित किया गया था कि सेमेस्टर पद्धति के अन्तर्गत स्नातक प्रथम वर्ष के सभी विषयों में पाठ्यक्रमानुसार के आन्तरिक मूल्यांकन कार्य करवाया जाना है एवं निर्देश दिये गये थे कि आपके महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष में नियमित अध्ययनरत विद्यार्थियों के आन्तरिक मूल्यांकन हेतु विद्यार्थियों को आवंटित विषयों से सम्बन्धित Assessment work, Project work, Written/Practical work/test & any other related work करवाया जाकर आन्तरिक मूल्यांकन से सम्बन्धित रिकार्ड/अवार्डस शीट तैयार कर अपने पास सुरक्षित रखे।

चूंकि आपके महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नियमित अध्ययरत परीक्षार्थियों के आन्तरिक मूल्यांकन अंक ऑनलाईन दर्ज किये जाने है। इस हेतु बैच तैयार कर कॉलेज पोर्टल पर अपलोड कर दिये गये है।

अतः आन्तरिक मूल्यांकन अंक ऑनलाईन पोर्टल https://erp.univindia.org पर College login के माध्यम से अविलम्ब अपलोड करना सुनिश्चित करें।

साथ ही अंकसूची (Award Sheet) की हार्डकॉपी परीक्षा आयोजन के अगले दिवस में अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के पश्चात् अवार्ड्स की हार्डकॉपी स्वीकार नहीं की जावेगी। यदि महाविद्यालय द्वारा किसी भी छात्र के अंकों को मैन्यूअल/ऑफलाईन भेजे जाते है तो ऐसे अंकों को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं करते हुए इनका परीक्षा परिणाम अनुपस्थित मानकर घोषित कर दिया जावेगा। इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा इस संदर्भ में कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जावेगा।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : राऋभमवि/अल/परीक्षा/2024/1206-09 दिनांक : 08/02/2024

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-

1. कुल सचिव।
2. प्रभारी आई.टी. को प्रेषित कर लेख है कि उक्त दिशा-निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का श्रम करें।
3. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय।
4. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक